# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FIRST TERM EXAMINATION (15 September 2023)
## SUBJECT - HINDI
## Class – VII (Set – A)

**Time allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**

**खंड (क)**

**प्रश्न1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5)**

एक दिन गर्मी से बचने के लिए एक बाघ झाड़ी में घुस गया। वहाँ मधुमक्खियों का छत्ता था। बाघ के यहाँ आने से उनमें हलचल मच गई। एक-दो ने उसे काट भी लिया। बाघ ने गुस्से में पंजा हिलाया। सभी मधुमक्खियाँ उस पर टूट पड़ीं। पास ही गहरे तालाब में उनसे बचने के लिए वह कूद गया। डर के मारे उसकी आँखें बंद हो गई। वह बहुत देर तक पानी में तैरता रहा। तैरते- तैरते बेहोश हो गया और पानी में डूबकर मर गया। अगले दिन उसकी फूली हुई लाश पानी पर तैरती मिली।

1. गर्मी से बचने के लिए बाघ ने क्या किया?

(क) पेड़ पर चढ़ गया (ख) पेड़ के नीचे बैठ गया (ग) इधर-उधर घूमने लगा (घ) झाड़ी में घुस गया

2. झाड़ी में क्या था?

(क) मधुमक्खियों का छत्ता (ख) साँप (ग) फूल (घ) काँटे

3. गुस्सा आने पर बाघ ने क्या किया?

(क) पंजा घुमाया (ख) पूँछ हिलाई (ग) सिर हिलाया (घ) पंजा हिलाया

4. बाघ कहाँ कूदा?

(क) झील में (ख) समुद्र में (ग) कुएँ में (घ) तालाब में

5. बाघ कैसे मरा ?

(क) आग में जलकर (ख) बंदूक की गोली से (ग) पानी में डूबकर (घ) गर्मी से

**खंड (ख)**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखें (कोई चार करें)** **(2)**

सतत , ममता, दिशा, आचरण, सरवर।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए:-** **(5)**

क) समय को किसके समान बताया गया है?

ख) महाराणा कौन बनना चाहता था?

ग) बनवीर ने धोखे में आकर किसकी हत्या कर दी?

घ) पाठ 'महात्मा गाँधी के पत्र' भजन में सोने की बात कैसे मनुष्य पर लागू होती है?

ड) कबीर जी ने इस संसार को कौन से फूल के समान कहा है?

A-1

Scanned with CamScanner

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी 4 प्रश्नों के उत्तर तीन चार पंक्तियों में लिखें:-** (4×2=8)

क) समय धन की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण क्यों है?

ख) पन्ना ने कुँवर जी की रक्षा कैसे की?

ग) बनवीर कुँवर जी को क्यों मारना चाहता था?

घ) गांधी जी ने किन्हे मूर्ख कहा है और क्यों?

ड) इस संसार को सेमल फूल क्यों कहा गया है?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** (5)

किसी ने ठीक ही कहा है कि समय धन के समान है। अतः सावधानी और सतर्कता से हम अपने धन का हिसाब रखें,पर समय के हिसाब में थोड़ा ज्यादा ही सावधानी बरतें। कारण, धन तो आता-जाता रहता है, किंतु गया समय फिर वापस नहीं आता। समय का बजट बनाना जिसने सीख लिया, उसने जीने की कला सीख ली। सुख और समृद्धि के भंडार की कुंजी प्राप्त कर ली। समय विभाजन के अनुसार काम करने पर हम देखेंगे कि हमारे जीवन की व्यस्तता के बीच कितनी निश्चिंतता आ जाती है सभी काम सुचारु रुप से निश्चित समय पर होते हैं।

*(क) समय किसके समान है?*

*(ख) हमें अपने धन का हिसाब कैसे रखना चाहिए?*

*(ग) एक बार चले जाने पर कौन वापस नहीं आता?*

*(घ) जीने की कला कौन सिखाता है?*

(ड) समय विभाजन के अनुसार काम करने से हमारे जीवन में क्या आ जाता है।

## ( भाग -ग)

**प्रश्न6. निम्नलिखित वाक्य में खाली स्थान की पूर्ति करें:-** (2)

(क) जब हम बोलकर या सुनकर अपने विचार प्रकट करते हैं उसे.......... भाषा कहते हैं।

(ख) हिंदी भाषा की लिपि........ है।

**प्रश्न7. (क) निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए।** (1)

रेखा + अंकित, परम + ईश्वर

(ख) संधि विच्छेद कीजिए : वेदांत, राजेंद्र (2)

प्रश्न8. शब्दों का प्रयोग जब वाक्य में किया जाए उसे ........ कहते हैं। (1)

**प्रश्न9. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें।** (2)

ईश्वर, औरत

**प्रश्न10. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें।** (2)

अपना, उतार , अंधकार, आदि

**प्रश्न11. कोई दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखें।** (2)

गति, गुरु

A-2

Scanned with CamScanner

प्रश्न12.निम्नलिखित वाक्य में उचित शब्द लिखें (श्रुतिसम भिन्नार्थक) (1)

राम ,मोहन .......... रानी, घर की ......... गए हैं। ( और ,ओर )

प्रश्न13. निम्नलिखित उपसर्ग से 2-2 शब्द बनाए । (2)

अन, बद

प्रश्न 14.निम्नलिखित शब्दों के समास विग्रह करें । (2)

(क) रात - दिन, रसोईघर

(ख) समस्तपद बनाएं:- यश को प्राप्त , भला और बुरा (1)

प्रश्न15. निम्नलिखित वाक्यों को कारक चिन्ह द्वारा पूरा कीजिए। (2)

क) घुड़सवार घोड़े .......सवार होकर चला गया।

ख) मोहन...... मुझे ₹10 का नोट दिया।

प्रश्न 16. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम के भेदों के नाम लिखें:- (2)

क) आप आजकल क्या कर रहे हैं?

ख) मेरा भाई अब स्वयं खाने लगा है।

प्रश्न17. निम्नलिखित वाक्यों में संबंधबोधक तथा विस्मयादिबोधक अव्यय की पहचान करके उसका नाम लिखें:- (1)

क) छी छी!थोड़ा पीछे हट जाओ।

ख) हमारे घर के सामने मंदिर है।

प्रश्न18. अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेदों का नाम लिखें:- (2)

क) राम पढ़ने में होशियार नहीं है।

ख) तुम विद्यालय कब जाओगे?

प्रश्न19 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखें:- (1)

क) उसने पापा को पत्र लिखी।

ख) घड़ी में चार बजा है।

प्रश्न20. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिन्ह का प्रयोग करके लिखें:- (2)

क) रीना परिश्रमी है किंतु उसकी बहन आलसी है

ख) तुमने दिन रात मेहनत की

प्रश्न21. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें:- (2)

क) छक्के छुड़ाना ख) फूला ना समाना

प्रश्न22. दिए गए भाव को व्यक्त करने वाली लोकोक्तियों को उसके साथ लिखें:- (2)

क) दूर की चीजें अच्छी लगती है:-

1. अंधा क्या चाहे दो आंखें 2. दूर के ढोल सुहावने 3. जैसी करनी वैसी भरनी

Scanned with CamScanner

ख) दोहरा लाभ:-

1. घर का भेदी लंका ढाए 2. आम के आम गुठलियों के दाम 3. आप भला तो जग भला

**(भाग-घ)**

**प्रश्न23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 90 -100 शब्दों में अनुछेद लिखें। (5)**

परिश्रम का महत्व

**संकेत बिंदु :** उन्नति का द्वार , आत्मिक शांति , परिश्रम के लाभ

**अथवा**

जल ही जीवन है

**संकेत बिंदु :** जीवन के लिए ज़रूरी , जल के उपयोग, जल का बचाव

**प्रश्न24. निम्नलिखित अनौपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए। (5)**


परीक्षा में प्रथम आने पर मामा जी से प्राप्त उपहार (साइकिल) के लिए उनका धन्यवाद करते हुए पत्र ।

**अथवा**

मित्र को अपने विद्यालय (स्कूल) के बारे में बताते हुए पत्र लिखें ।

**प्रश्न25.** पानी बरबाद करने के विषय में पिता और पुत्र के बीच संवाद लिखें । (5)

**प्रश्न26. निम्नलिखित चित्र को देखकर 30-40 शब्दों में वर्णन कीजिए। (5)**



**प्रश्न27. निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई एक करें। (3)**

स्वच्छता पर सुंदर नारा तैयार कीजिए।

अथवा

हिंदी दिवस पर नारा तैयार कीजिए।

A-4

Scanned with CamScanner

# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## FIRST TERM EXAMINATION (15 September 2023)
## SUBJECT - HINDI
## Class – VII (Set – B)

**Time allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**

**खंड (क)**

**प्रश्न1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5)**

विजयादशमी (दशहरा) हमारे देश में मनाया जाने वाला आर्यो का पर्व है। इसका प्रारंभ पुरुषोतम श्रीरामजी के समय से हुआ। है। यह महोत्सव आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इसी दिन श्रीराम ने रावण का वध किया था। इस दिन जगह-जगह रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले जलाए जाते हैं, जो इस बात का प्रतीक है कि सत्य की हमेशा विजय होता है और असत्य को हार होती है। इस पर्व के दिन क्षत्रिय लोग अपने अस्त्र शस्त्रों को पूजा करते हैं।

1. विजयादशमी किनका पर्व है?

(क) आर्यो का (ख) सिक्खों का (ग) ईसाइयों का (घ) बिहार के रहने वालों का

2. दशहरा कब मनाया जाता है?

(क) आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को

(ख) कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की दशमी

(ग) आश्विन मास के कृष्ण

(घ) चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की दशमी

3. इस पर्व से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

(क) सत्य की हमेशा विजय होती है। (ख) असत्य की जीत

(ग) अपना बदला लेना चाहिए। (घ) झगड़ा करने की जीत

4. इस पर क्षत्रिय लोग क्या करते हैं?

(क) कपड़ों की पूजा (ख) घरों की पूजा (ग) अस्त्र-शस्त्रों की पूजा (घ) भोज्य पदार्थों की पूजा

5. 'सत्य' शब्द का विलोम शब्द है-

(क) वास्तविक (ख) असत्य (ग) प्रमाणित

**खंड (ख)**

**प्रश्न 2 निम्नलिखित में से किन्हीं चार शब्दों के सही अर्थ लिखें।** **(2)**

समयाभाव, बलिदान, वाचन, मुसाफिर, करनी।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए:-** **(5)**

क) हम अकसर क्या शिकायत करते हैं?

ख) कीरत महाराणा के महल में क्या काम करता था?

ग) पन्ना ने कुंवर जी की शय्या पर किसे सुलाने का निश्चय किया?



Scanned with CamScanner

घ) यह पत्र गांधीजी ने कहां से लिखा था?

ड) व्यक्ति के जन्म पर संसार क्या करता है?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 3-4 पंक्तियों में दीजिए:-** **(4×2=8)**

क) समय नियोजन का क्या तात्पर्य है ? यह क्यों आवश्यक है?

ख) महाराणा विक्रमादित्य की हत्या किसने और क्यों की?

ग) दूसरे पत्र में मुसाफिर और सवेरा के बारे में क्या कहा गया है? ('गांधी जी के पत्र' पाठ के आधार पर बताएँ)

घ) आत्मप्रशंसा और परनिंदा न करने के पीछे कबीर का क्या तर्क है?

ड) कुंवर जी की रक्षा में कीरत ने किस प्रकार सहायता की?

**प्रश्न 5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-** **(5)**

जो मनुष्य विचार करना सीखता है, उसे एक दूसरा लाभ भी होता है, जो यहां बताने लायक जैसा है। पुस्तक पढ़ने का मौका हमेशा नहीं मिलता, लेकिन जिन्हें पढ़ने की आदत हो जाती है, वह पढ़ने की सुविधा न मिलने पर पागल जैसे होते देखे गए हैं। लेकिन जिन्हें विचार करने की आदत पड़ जाती है, उनके पास विचारों की पुस्तक सदा मौजूद रहती है। इसलिए उनके पागल बनने की नौबत कभी नहीं आती। विचार करना सीखना चाहिए। इन शब्दों का प्रयोग मैंने जानबूझकर किया है। सच्चे झूठ निकम्मे विचार तो बहुत लोग किया करते हैं ,लेकिन वह नीरा पागलपन है ।कुछ लोग विचारों के भंवर में फंसकर आत्महत्या तक कर लेते हैं। ऐसे विचारों की बात मैं यहां नहीं करता। इस समय तो मेरा सुझाव है कि हम जो कुछ भी पढें उसे पर विचार करें।

(क) कौन सा मौका हमेशा नहीं मिलता?

(ख) पढ़ने की आदत वालों को सुविधा न मिलने पर क्या होता है?

(ग) जिन्हें विचारों की आदत पड़ जाती है उनके पास हमेशा क्या मौजूद रहता है?

(घ) हमें क्या सीखना चाहिए?

(ड) कुछ लोग विचारों में फँस कर क्या करते हैं?

**(भाग-ग)**

**प्रश्न6. निम्नलिखित वाक्य में खाली स्थान की पूर्ति करें:-** **(2)**

(क) जब हम लिखकर या पढ़ कर अपने विचार प्रकट करते हैं उसे............ भाषा कहते हैं।

(ख) पंजाबी भाषा की लिपि........ है।

**प्रश्न7. निम्नलिखित शब्दों की संधि कीजिए।** **(1)**

(क) महा+ आशय , रमा+ईश

(ख) संधि विच्छेद कीजिए **(2)**

हिमालय, महोदय

**प्रश्न8.** वर्णों के सार्थक समूह को........ कहते हैं। **(1)**



Scanned with CamScanner

**प्रश्न9. निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखें।** **(2)**

उपवन , कपड़ा

**प्रश्न10. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें।** **(2)**

अधिक, उदय , कठोर , ऊँच

**प्रश्न11. कोई दो दो अनेकार्थी शब्द लिखें।** **(2)**

पानी , जवान

**प्रश्न12. निम्नलिखित वाक्य में उचित शब्द लिखें ।** **(1)**

(श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द)

मुझे...... से मोटापा आ जाता है, डॉक्टर ने मुझे...... भोजन करने के लिए कहा है। (अन्न/अन्य)

**प्रश्न 13.निम्नलिखित उपसर्ग से 2-2 शब्द बनाए।** **(2)**

ना , सह

**प्रश्न14. निम्नलिखित शब्दों के समास विग्रह करें।** **(2)**

(क) यज्ञशाला , दाल- रोटी

(ख) समस्तपद बनाए:- **(1)**

अपना और पराया, रोग से मुक्त

**प्रश्न15. निम्नलिखित वाक्यों को कारक चिह्न द्वारा पूरा कीजिए:-** **(2)**

क) पिताजी कार........... दिल्ली गए।

ख) लाला धनपत राय........घर में पुत्र हुआ है।

**प्रश्न16. निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम के भेदों के नाम बताएं:-** **(2)**

क) जो कर दिया अब उसका क्या हो सकता है।

ख) मैंने गृह कार्य खुद किया है।

**प्रश्न17. निम्नलिखित वाक्यों में संबंध बोधक तथा विस्मयादिबोधक अव्यय की पहचान करके उसका नाम लिखें:-** **(1)**

क) ओह! सारा दूध गिरा दिया।

ख) घर के बाहर बच्चे खेल रहे हैं।

**प्रश्न18.अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेदों का नाम लिखें:-** **(2)**

क) मैं आज खाना नहीं खाऊंगा।

ख) राम कक्षा का सबसे शरारती लड़का था ।

**प्रश्न19. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखें:-** **(1)**

क) तुम्हारी बहन आ गया है।

ख) बहुत सारा पानी गिर गए हैं।

Scanned with CamScanner

**प्रश्न20. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिन्ह का प्रयोग करके लिखें:-** **(2)**

क) वह हँसते हँसते लोटपोट हो गया

ख) शाबाश तुमने बहुत अच्छा काम किया

**प्रश्न21. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करें:-** **(2)**

क) कान भरना   ख) अंगुली उठाना

**प्रश्न 22.दिए गए भाव को व्यक्त करने वाली लोकोक्तियों का सही अर्थ पहचान कर लिखें:-** **(2)**

क) अच्छे को सभी अच्छे लगते हैं।

1. मान न मान मैं तेरा मेहमान   2. आसमान से गिरा खजूर में अटका

3. आप भला तो जग भला

ख) अपराधी को शंका रहती है।

1. चोर की दाढ़ी में तिनका   2. दूर के ढोल सुहावने

3. अंधा क्या चाहे दो आँखें

**(भाग-घ)**

**प्रश्न23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 90-100 शब्दों में अनुछेद लिखें। (5)**

सच्चा मित्र

***संकेत बिंदु*** *: सुख दुःख का साथी ,हमारे लिए प्रेरक ,मित्र औषधि के समान*

**अथवा**

वृक्ष लगाओ धरा सजाओ

**संकेत बिंदु :** महत्तता ,उपयोग , बचाव

**प्रश्न 24.निम्नलिखित अनौपचारिक पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए।** **(5)**

अपने मित्र को परीक्षा में असफल होने पर धैर्य बंधाते हुए सांत्वना पत्र।

**अथवा**


जन्मदिवस पर भेजें उपहार के लिए चाचा जी को धन्यवाद पत्र लिखिए।

**प्रश्न25.** घर के काम काज के विषय में भाई-बहन का संवाद लिखें। **(5)**

B-4

Scanned with CamScanner

प्रश्न26. निम्नलिखित चित्र को देखकर 30 - 40 शब्दों में वर्णन कीजिए। (5)



प्रश्न27 निम्नलिखित प्रश्नों में से कोई एक करें। (3)

सड़क सुरक्षा पर नारा तैयार कीजिए।

अथवा

शिक्षा पर सुंदर नारा तैयार कीजिए ।